मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

▪ वर्ष : 42 ▪ अंक : 104 ▪ शुक्रवार, 5 जुलाई 2024 ▪ पृष्ठ 4

3 रुपए

/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

चमकीला के बाद मिलने लगे अलग किरदार

## मानसून पर्यटन क्षेत्र में 2 महीने के लिए प्रतिबंध



**अंबरनाथ.** बदलापुर के पास कोंडेश्वर समेत जिले के अन्य झरनों के क्षेत्र में 2 महीने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है. ये आदेश झरने के पास के 1 किमी क्षेत्र में लागू किए गए हैं. इसलिए बारिश के कारण तेज बहते पानी में उतरना, उसमें तैरना, झरने के पास जाना और पानी की धारा के नीचे बैठना आदि पर रोक रहेगी.

ठाणे ग्रामीण जिले के भिवंडी, शाहपुर, मुरबाड, कल्याण और अंबरनाथ तालुका के लोकप्रिय स्थानों पर मानसून के दौरान भीड़ होती है। बरसात के मौसम में लोग झरनों, झीलों, नदियों और बांधों पर प्रकृति का आनंद लेने आते हैं। हालाँकि, बहते पानी की अप्रत्याशितता के कारण जानमाल के नुकसान की घटनाएँ हुई हैं।

पर्यटन स्थलों पर महिलाओं के साथ छेड़छाड़, छींटाकशी, दुर्व्यवहार की घटनाएं सामने आई हैं। इस पृष्ठभूमि में, ठाणे के पुलिस अधीक्षक ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए ठाणे ग्रामीण जिले के सभी पुलिस थाना क्षेत्रों में 30 अगस्त तक आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 144 के तहत निवारक आदेश लागू करने का अनुरोध किया है। कलेक्टर शिंगारे ने ये प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किये हैं. कोंडेश्वर जलप्रपात, भोज, दहिवली, अंबेशिव नदी, चंदेरी गड, चांदप, बारवी नदी आदि में निषेध रहेगा।

### ठाणे ग्रामीण जिले में इस जगह पर भी निषेध

ठाणे ग्रामीण जिले के कल्याण तालुका में काम्बा, पावशेपाड़ा, खडवली नदी क्षेत्र, टिटवाला नदी क्षेत्र, गणेश घाट, सिद्धगढ़, डोंगरनहावे, सोनाले, हरिश्चंद्रगढ़, बारवी बांध क्षेत्र, पडले बांध क्षेत्र, मालशेज घाट और घाट के सभी झरने, मालशेज घाट, गोरखगढ़, मुरबाड तालुका में नानेघाट, भिवंडी तालुका में गणेशपुरी नदी क्षेत्र (वज्रेश्वरी), शाहपुर तालुका में भातसा बांध और क्षेत्र, महुली किला, अशोका जलप्रपात, आजा पर्वत (डोलखांब), सापगांव नदी तट, कलंबे नदी, कसारा के सभी झरनों पर प्रतिबंधात्म आदेश लागू किए गए हैं.

# हाजीमलंग की दुकानों पर चला हथौड़ा

## वन विभाग की बड़ी तोड़क कार्रवाई

## हाजीमलंग पहाड़वासियों व व्यापारियों में भारी रोष

- हिललाईन पुलिस का भारी बंदोबस्त
- वर्षों पुराने दुकान-मकान पर चला हथौड़ा
- प्रशासन के नजरअंदाज से दरगाह परिसर सुविधाओं से वंचित
- पानी व बिजली देने में प्रशासन असफल



पिछले कई वर्षों से यहां पर दुकान व मकान में लोग रह रहे हैं और अपना कारोबार कर रहे हैं तो फिर अचानक यह कार्रवाई क्यों?



**उल्हासनगर.** अंबरनाथ तालुका में हाजीमलंग पहाड़ पर बसे सुप्रसिद्ध हाजीमलंग बाबा दरगाह परिसर में गुरुवार की सुबह करीब 7 बजे से वन विभाग द्वारा सैकड़ों दुकानों व मकानों पर तोड़क कार्रवाई की गई। वन विभाग का कहना है कि वन की जगह पर अतिक्रमण किया हुआ था। जबकि गुरुवार को हाजीमलंग की तलहटी से किले तक पांच से छह किलोमीटर के रास्ते में बने अवैध ढाबों, होटलों को ध्वस्त कर दिया. जिला प्रशासन, वन विभाग, पुलिस की मौजूदगी में यह कार्रवाई शुरू की गई. इस कार्रवाई की कोई पूर्व सूचना ढाबा, होटल मालिकों को नहीं दी गई। प्रशासन को स्थानीय लोगों के विरोध का डर था. स्थानीय लोगों को बिना भनक लगे 600 कर्मचारियों और पुलिस की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई. कार्रवाई करते समय किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए हाजीमलंग की बिजली आपूर्ति काट दी गई थी. इस कार्रवाई में राजस्व, वन विभाग, अंबरनाथ, उल्हासनगर प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए.

पिछले कई सालों में इतने बड़े पैमाने पर कभी कोई कार्रवाई नहीं हुई. बताया जाता है कि हाजीमलंग क्षेत्र में कुछ स्थानीय लोगों ने सरकारी और वन विभाग की जमीनों पर कब्जा कर लिया था और भक्तों के दर्शन पथ पर होटल, ढाबे और मंदिर खोलकर अपना व्यवसाय शुरू कर दिया था। इससे सरकार को कोई राजस्व नहीं मिल रहा था. हाजीमलंग में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। होटल और ढाबे भी उसी हद तक बढ़ते जा रहे हैं. इन सुविधाओं के लिए पहाड़ी पर खुदाई की गई। इससे पहाड़ी का अस्तित्व खतरे में पड़ गया। इसलिए कहा जा रहा है कि प्रशासन की ओर से यह कार्रवाई की गई है.



### न्यायालय में दी है दस्तक

विदित हो कि 26 जून 2024 को वनपरिक्षेत्र अधिकारी बदलापुर ने हाजीमलंग दरगाह के पास बने होटलों, फूल की दुकानों और मकानों को अनाधिकृत बताकर उन्हें 7 दिनों में खाली करने का नोटीस दिया था। इस नोटीस से पहाड़ के निवासियों और व्यापारियों में रोष देखा गया और उन्होंने सरकार व नेताओं से राहत की गुहार लगाई लेकिन बावजूद सरकार व वन विभाग ने एक न सुनी और गुरुवार की तड़के वन विभाग के सरकारी अधिकारी व कर्मचारियों सहित हिललाईन पुलिस की मौजूदगी में दरबार परिसर के सैकड़ों दुकानों व मकानों को तोड़ा गया। कई दुकानदार इसके विरुद्ध न्यायालय भी गए हैं।

### स्थानीय सांसद व विधायक ने साधी चुप्पी

वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि पहाड़ को सरकार ने हमेशा से ही अनदेखा किया है यहां पर पानी व बिजली पहुंचाने में प्रशासन पूरी तरह असफल रहा है। शासन को हमने हर तरह का शुल्क अदा किया है फिर यह कार्रवाई क्यों। इस विषय पर स्थानीय सांसद व विधायक चुप्पी साधे हुए हैं। गरीब दुकानदारों का आरोप है कि सरकार यहां पर विकास के बजाय विनाश करके गई है यह हम पर नाइंसाफी है। हाजीमलंग पहाड़ चढ़ने के लिए भी श्रद्धालुओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## रिक्शा चालक ने किया प्राणघातक हमला

**कल्याण.** दो दिन पहले हुए झगड़े का बदला लेने के इरादे से एक रिक्शा चालक ने 32 वर्षीय अनिल सदाशिव मुजमले नामक व्यक्ति पर धारदार हथियार से हमला कर उसे अधमरा कर दिया। महात्मा फुले पुलिस के अनुसार इंदिरा नगर, कल्याण पश्चिम के रहने वाले रिक्शा चालक रमेश मोतीराम ससाणे और घायल अनिल मुजमले के बीच किसी बात को लेकर दो दिन पहले झगड़ा हुआ था। उसी का बदला लेने के लिए आरोपी रिक्शा चालक रमेश ने मौका पाकर धारदार हथियार से अनिल के गले पर वार कर दिया, जिसमें अनिल बुरी तरह घायल हो गया है। घायलावस्था में उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## टैक्स बकायेदारों पर 10 जुलाई को होगी नीलामी की कार्रवाई- आयुक्त

- हाउस टैक्स अदा नहीं करने वालों पर प्रशासन आक्रामक
- संपत्ति धारकों पर करोड़ों रुपए हाऊस टैक्स के बकाया




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगरपालिका की आय का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत संपत्ति कर है लेकिन शहर के कई संपत्ति धारक हाउस टैक्स का भुगतान नहीं कर रहे हैं जिससे महानगरपालिका को भारी नुकसान हो रहा है। इन बकाया संपत्ति धारकों को समय-समय पर नोटिस भी जारी किए जाते हैं फिर भी इन नोटिसों का पालन बकायेदार नहीं कर रहे हैं। ऐसे में अब उल्हासनगर मनपा ऐसे संपत्ति धारकों के खिलाफ आक्रामक हो गई है और जल्द ही ऐसे बकायदारों पर सख्त कार्रवाई करते हुए उनकी संपत्ति नीलामी करेगी। मनपा आयुक्त अजीज शेख ने मीडिया को जानकारी दी है कि ऐसी संपत्तियों को कानून के मुताबिक जब्त कर 10 जुलाई को नीलाम किया जाएगा।

## अंबरनाथ में अवैध बार, ढाबों पर कार्रवाई कब?

- नपा, पुलिस प्रशासन मौन

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** महाराष्ट्र सरकार ने राज्यभर में डांस बार एवं अवैध बारों, ढाबों पर तोड़क कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं. उल्हासनगर में भी तोड़क कार्रवाई शुरू है. फिर अंबरनाथ में ऐसी कार्रवाई प्रसासन द्वारा क्यों नहीं की जा रही है. मुख्यमंत्री के आदेश पर अमल ना करते हुए अंबरनाथ नगर परिषद एवं पुलिस विभाग आदेश का उल्लंघन कर रही है. नपा एक्शन मूड पर कब आएगी, ऐसी चर्चा शहर में है. अंबरनाथ में सरकारी जमीन, वन विभाग, आदिवासी जमीन पर कब्जा करके अभी भी रात में केबी महामार्ग पर एमआईडीसी एवं पूरे तालुके में अवैध रूप से ढाबे बना कर उसमें शराब भी बेची जा रही है. अंबरनाथ शहर पूर्व और पश्चिम में लेडिज बार भी धड़ल्ले से चल रहे हैं. अंबरनाथ की तहसीलदार भी इस मामले को लेकर चुप हैं. एक अधिकारी ने हमें बताया कि शहर में भी अवैध ढाबों, होटलों, लेडिज बार की लिस्ट तैयार की जा रही है. इन अवैध बार, ढाबों पर जल्द कार्रवाई की जाएगी. ये अवैध धंदे वाले पुलिस प्रशासन से मिले हुए हैं. कुछ जगह तो चरस गांजे की बिक्री भी जोरों पर है. केबी सड़क पर विमको नाका से लेकर फारेस्ट नाका तक रात में धड़ल्ले से बार एवं ढाबे चलाए जा रहे हैं. वन विभाग भी इस मुद्दे को लेकर मौन है. इन अवैध ढाबों, बार पर कार्रवाई नहीं होने से ये कहा जा रहा है कि प्रशासन मुख्यमंत्री के आदेश को मानने के लिए तैयार नहीं है और ऐसे अवैध कामों पर कार्रवाई ना करते हुए उसको बढ़ावा दे रहा है.

## दुकानदार ने की नाबालिग लड़की से छेड़छाड़

**भिवंडी.** भिवंडी शहर के भोईवाडा पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत एक 9 साल की लड़की से छेड़छाड़ के आरोप में एक दुकान दार के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है. बताया कि पीड़िता उसी इलाके में रहती है जहां आरोपी की दुकान है और दोनों के परिवारों में जान-पहचान है. आरोपी ने भोजन के लिए जाने के बहाने लड़की से दुकान पर रहने को कहा. बाद में उसने नाबालिग को दुकान के अंदर बुलाया और उसे कथित तौर पर गलत तरीके से छुआ.

## उल्हासनगर तहसील कार्यालय में सेतु केंद्र शुरू करें

- मनसे की मांग



**उल्हासनगर.** मनसे जिला प्रमुख बंडू देशमुख ने प्रांतीय अधिकारियों और तहसीलदारों को एक बयान के माध्यम से लाडली बहिन योजना को नया रूप देने से पहले आठ दिनों के भीतर तहसील कार्यालय में बंद सेतु केंद्र खोलने की मांग की। देशमुख ने तय समय में सेतुकेंद्र शुरू नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है.

उल्हासनगर तहसील कार्यालय में सेतु केंद्र पिछले डेढ़ साल से बंद होने के कारण नागरिकों को अनिच्छा से एजेंटों का सहारा लेना पड़ रहा है. ऐसे में एक सर्टिफिकेट की कीमत 35 रुपये है, लेकिन हजारों रुपये चुकाने पड़ते हैं. यह आरोप मनसे के जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख और शहर प्रमुख संजय घुगे ने लगाया. उन्होंने सेतु केंद्र को अविलंब चालू करने तथा सरकार की प्यारी बहना योजना में योगदान देने की मांग की. सरकार की प्यारी बहन योजना लागू की जा रही है और इसके लिए निवास प्रमाण पत्र और आय प्रमाण पत्र अनिवार्य है। इसलिए योजना का लाभ लेने के लिए महिलाएं तहसील कार्यालय में भीड़ लगा रही हैं. देशमुख का कहना है कि तीन से चार हजार रुपये लेकर ऐसे प्रमाणपत्र बनाने वाले गिरोह भी सक्रिय हैं। प्रांतीय पदाधिकारी आनंद कुमार शर्मा और तहसीलदार कल्याणी कदम को बयान देते समय मनसे जिला अध्यक्ष बंडू देशमुख, शहर अध्यक्ष संजय घुगे, सचिन बेंडके, रवि पाल, शैलेश पांडव, अक्षय धोत्रे, संकेत शिंदे सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे.

## सड़क पर हो रही शराब की पार्टियां

- वाइन शॉप के बाहर शराबियों पर पुलिस व केडीएमसी ने की संयुक्त कार्रवाई



**कल्याण.** पुलिस थाने से कुछ ही दूरी पर सड़क पर पार्टी कर रहे शराबियों के खिलाफ पुलिस और कल्याण महानगरपालिका प्रशासन ने संयुक्त कार्रवाई की। मंगलवार 2 जुलाई की शाम को कार्रवाई करते हुए वाइन शॉप के सामने लगे फूड ठेलों को हटा दिया गया.

केडीएमसी आयुक्त डॉ. इंदु रानी जाखड़ के निर्देश पर डोंबिवली सहायक आयुक्त परिमंडल-2 हेमा मुंबरकर, 'सी' वार्ड क्षेत्र सहायक आयुक्त संजय कुमावत, 'एफ' वार्ड क्षेत्र सहायक आयुक्त भरत पवार और सहायक पुलिस आयुक्त सुनील कुराडे डोंबिवली रामनगर पुलिस स्टेशन के आदेश पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक जावेद्दर के मार्गदर्शन में मंगलवार 2 जुलाई को शाम को डोंबिवली पूर्व में स्टेशन के बाहर दुकान के सामने नगर निगम कर्मचारियों, पुलिस कर्मियों ने शराब दुकान के सामने लगे बैरिकेड पर बैठे शराबियों को खदेड़ दिया गया. पालिका प्रशासन की ओर से फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। फेरीवालों का सामान भी जब्त कर लिया गया. सामने की दीवार पर एक अनाधिकृत टपरी भी तोड़ दी गई। मनपा व पुलिस की कार्यवाही पर डोंबिवलीकरों ने नगर पालिका और पुलिस के काम की सराहना की. डोंबिवलीकरों कह रहे हैं कि इस कार्रवाई को निरंतर रहनी चाहिए.

## 12 लाख का खाद्य तेल उड़ाया

- ट्रक चालक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**उल्हासनगर.** ट्रक ड्राइवर द्वारा पटेल दुकान में ले जाने के लिए दी गई 11 लाख 94 हजार कीमत की 1000 पेटी खाद्य तेल का गबन करने का मामला सामने आया है. इस मामले में ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ हिललाइन पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है और पुलिस आगे की जांच कर रही है. कमल विजय वाघाणी ने 11 लाख 94 हजार कीमत की प्रिया रिफाइंड सनफ्लावर की 1000 पेटियां उल्हासनगर के पास दावलपाड़ा नेवाली के ट्रक ड्राइवर सोहेल खान को अंबरनाथ में पटेल रिटेल दुकान तक ले जाने के लिए दीं। एक डिब्बे में 1 किलो की 12 जेबें हैं। यह घटना 29 जून से 1 जुलाई 2024 के बीच हुई थी. ट्रक चालक सोहेल खान ने पटेल रिटेल दुकान पर खाद्य तेल के डिब्बे ले जाने के बजाय एक-दूसरे से खाद्य तेल का गबन करके वाघानी को धोखा दिया। धोखाधड़ी का पता चलने के बाद कमल वाघानी ने पुलिस से संपर्क किया.

## जल्द खुलेगा 'समृद्धि' का एक और चरण



**मुंबई.** समृद्धि हाईवे को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है. समृद्धि राजमार्ग का एक और चरण खुलेगा। समृद्धि के नए चरण के खुलने के बाद नासिकवासियों के लिए मुंबई की ओर यात्रा आसान हो जाएगी। अगस्त के आखिरी सप्ताह में इस चरण के खुलने के बाद मुंबई से नासिक की दूरी लगभग एक घंटे कम हो जाएगी।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, इगतपुरी से आमने, ठाणे तक समृद्धि हाईवे का 76 किलोमीटर का हिस्सा खोला जाएगा. इस चरण के खुलने के बाद अम्ने से इगतपुरी पहुंचने में 40 मिनट लगेंगे.

महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास बोर्ड के प्रबंध निदेशक अनिल गायकवाड़ ने इस नए चरण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी है। नए चरण से वाहन चालकों के लिए 120 किमी प्रति घंटे की गति सीमा तय की गई है। इगतपुरी से संग्रीला रिजॉर्ट की दूरी 76 किमी है और आप यहां 40 मिनट में पहुंच सकते हैं। फिलहाल इस रूट पर संग्रीला रिजॉर्ट से इगतपुरी पहुंचने में 1.30 घंटे का समय लगता है। प्रारंभिक उद्घाटन चरण में एक दोहरी सुरंग और घाटी से होकर गुजरने वाला मार्ग होगा। अनिल गायकवाड़ ने कहा कि इस मार्ग पर वाहन चालकों की सुरक्षा पर भी विचार किया गया है.

'शाहपुर में पुल का काम भी चल रहा है। इस पुल का एक हिस्सा अगस्त के आखिरी सप्ताह तक पूरा हो जाएगा. इस पुल का दूसरा हिस्सा दो महीने में पूरा हो जाएगा. यह पुल 2 किमी लंबा है. उन्होंने यह भी कहा कि चूंकि इस पुल के दोनों तरफ जंगल है, इसलिए हमारे लिए काम करना एक चुनौती है.

महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास बोर्ड पुराने मुंबई-नासिक राजमार्ग का विस्तार करने का इरादा रखता है। इस चरण में वडापे से माजीवाड़ा तक 23.5 किमी का हिस्सा है।

## 147 बिजली चोरों के खिलाफ कार्रवाई !

- 59 लाख की बिजली चोरी का खुलासा



**कल्याण.** महावितरण के टिटवाला उपविभाग में बिजली चोरों के खिलाफ धड़क अभियान लगातार जारी है। जून माह में टिटवाला सब डिवीजन के मांडा, गवेली, कोन और खड़ावली शाखा कार्यालयों पर छापेमारी कर 147 बिजली उपभोक्ताओं पर 59 लाख 24 हजार रुपये की बिजली चोरी का खुलासा हुआ. कार्रवाई के बाद बिजली चोरी का भुगतान समय पर नहीं करने वाले 60 लोगों के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत मुरबाड पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है.

उप कार्यकारी अभियंता गणेश पवार के नेतृत्व में टिटवाला उपमंडल में बिजली चोरी पकड़ने का अभियान नियमित रूप से चल रहा है। इस अभियान में मांडा-टिटवाला शाखा कार्यालय के तहत 50 लोगों को 18 लाख 53 हजार 510 रुपये, गोवेली शाखा कार्यालय के तहत 43 लोगों को 28 लाख 78 हजार 160 रुपये और गोवेली शाखा कार्यालय के तहत 26 लोगों को 2 लाख 40 हजार रुपये मिले. 880 रुपये की बिजली चोरी पकड़ी गई।

इन सभी को बिजली चोरी का भुगतान करने और समझौता राशि का भुगतान करने के संबंध में नोटिस जारी किया गया था। लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर उक्त राशि का भुगतान करने से बचने वाले 60 लोगों के खिलाफ दी गई शिकायत के अनुसार मुरबाड पुलिस स्टेशन में बिजली चोरी के मामले दर्ज किए गए हैं।

उप कार्यकारी अभियंता गणेश पवार के नेतृत्व में सहायक अभियंता तुकाराम घोडविंडे और अभिषेक कुमार, कनिष्ठ अभियंता अलंकार म्हात्रे और सचिन पवार की टीम ने यह काम किया. बिजली चोरी एक गंभीर सामाजिक अपराध है और इस अपराध में सख्त सजा और दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है। इसलिए महावितरण ने बिजली चोरी के लिए कोई हथकंडा न अपनाने की अपील की है.

## 'लाड़ली बहिन' योजना का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की चेतावनी

**ठाणे.** राज्य में महिलाओं और लड़कियों के आर्थिक और सामाजिक पुनर्वास के लिए 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन' योजना 1 जुलाई से लागू की गई है। 21 से 60 वर्ष की आयु की लड़कियों और महिलाओं को 1,500 रुपये प्रति माह का वित्तीय लाभ दिया जाएगा. जिला प्रशासन का संकल्प है कि जिले की कोई भी जरूरतमंद महिला इस योजना के लाभ से वंचित नहीं रहेगी. इस बीच, जिला कलेक्टर अशोक शिनगारे ने चेतावनी दी है कि इस योजना के काम में गड़बड़ी करने वाले व्यक्तियों और संगठनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

इस बीच, कलेक्टर शिनगारे ने बताया कि जिला प्रशासन ने जिले की महिलाओं तक इस योजना की जानकारी पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन के माध्यम से गांव और तालुका स्तर पर मार्गदर्शन बैठकें आयोजित करने की कार्रवाई शुरू कर दी है. इस योजना के लाभ के लिए महिलाओं को ऑनलाइन आवेदन भरने में प्राथमिकता देने के लिए इस योजना के लाभ से संबंधित कुछ साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए आपके सरकार, ई-सेवा सेतु केंद्र, तहसीलदार कार्यालयों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं। इस योजना के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए निकटतम आंगनवाड़ी, तहसील/ पंचायत समिति कार्यालय में जाना चाहिए। कलेक्टर अशोक शिंगारे और जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी महेंद्र गायकवाड ने इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता

एक बार फिर नेपाल में राजनीतिक अस्थिरता पैदा हो गई है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' के खिलाफ एक नया गठबंधन बन गया है, जिसमें नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल ने मिल कर सरकार बनाने की घोषणा कर दी है। ये दोनों दल अभी तक प्रचंड सरकार को समर्थन देते आ रहे थे, मगर अब उनमें मतभेद उभर गया है। हालांकि प्रचंड ने अपने पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि वे सदन में विश्वास मत का सामना करेंगे। पिछले वर्ष भी इसी तरह मतभेद उभरे थे और लगा था कि प्रचंड सरकार गिर जाएगी। मगर इस बार लगता है कि सत्ता की कमान प्रचंड के हाथ से फिसल जाएगी।

दरअसल, नेपाल का राजनीतिक समीकरण कुछ ऐसा बन गया है कि पिछले करीब साढ़े तीन दशक से वहां गठबंधन सरकारें ही बनती आ रही हैं। थोड़े-थोड़े समय पर उनमें मतभेद उभरता है और सरकार बदल जाती है। वहां की राजनीति में प्रचंड, शेर बहादुर देउबा और खड्ग प्रसाद शर्मा 'ओली' की तिकड़ी ही हावी रही है। वही फेर-बदल कर सरकारें गिराते और बनाते देखे जाते हैं।

दरअसल, नेपाल में आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली है। इस तरह संघीय सरकार पर प्रांतीय दलों और सरकारों का दबदबा लगातार बना रहता है। जबसे वहां नेपाली पंचायत की जगह बहुदलीय व्यवस्था लागू हुई है, तबसे गठबंधन सरकारों का दौर शुरू हुआ है और अब कहा जाता है कि राजनीतिक अस्थिरता वहां का स्थायी भाव बन चुका है। क्षेत्रीय दल बेशक संघीय स्तर पर छोटे नजर आते हैं, मगर प्रांतीय स्तर पर उनकी स्थिति मजबूत होने की वजह से वे आनुपातिक प्रतिनिधित्व प्रणाली में दबदबा बनाने में कामयाब रहते हैं।

उनका मकसद ज्यादातर संघीय सरकार में पद और राजनीतिक लाभ उठाने का अधिक रहता है। इसीलिए वहां अतिराष्ट्रवाद जैसी विचारधारा भी विकसित हुई है। इस राजनीतिक जोड़-तोड़ के चलते नेपाल में भ्रष्टाचार बढ़ा है, वह दुनिया के सबसे कम विकसित देशों की श्रेणी में आ गया है। लोग इस राजनीतिक अस्थिरता से परेशान हैं। अगर वहां की संविधान सभा में जल्दी इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं तलाशा गया, तो नेपाल का हाल दिन पर दिन खराब ही होता जाएगा।

# संसद की गरिमा बचाने की कठिन चुनौती

पूरे देश की जनता ने बड़ा भरोसा जताते हुए अपने प्रतिनिधियों को चुनकर 18वीं लोकसभा में भेजा है, ताकि वे सांसद के रूप में देश की भलाई के लिए नीति एवं नियम बनाएं, उसे लागू कराएं और जनजीवन को सुरक्षित तथा खुशहाल बनाएं। संसद की सदस्यता की शपथ लेते समय सांसदगण इन सब बातों को ध्यान में रखने की कसम भी खाते हैं।

कहना न होगा कि देश की संसद लोकतंत्र के वैचारिक शिखर और देश की संप्रभुता को रेखांकित करती है। इसलिए इसकी गरिमा बनाए रखना सभी सांसदों का मूल कर्तव्य बन जाता है। इसके लिए जनप्रतिनिधियों से यह अपेक्षा होती है कि वे संसद की बैठकों में नियमित भाग लेंगे, अपना आचरण शुद्ध एवं व्यवस्थित रखेंगे और व्यर्थ की बयानबाजी की जगह सार्थक बहस करेंगे।

चूंकि जनता के समर्थन से ही वे सांसद का दर्जा पाते हैं इसलिए संसद तक पहुंचने पर उनको सिर्फ और सिर्फ आम जनता की नुमाइंदगी ही करनी चाहिए। यही उनका फर्ज बनता है। लोकसभा की सदस्यता पांच साल की और राज्यसभा की छह साल की होती है। इस अवधि के दौरान सांसदों से अपना लोक-दायित्व निभाना अपेक्षित होता है। संसद के बजट, मानसून और शीतकालीन-तीन मुख्य सत्र होते हैं।

संसदीय बैठक में प्रश्नकाल और शून्यकाल की व्यवस्था भी होती है, जो सांसदों को भागीदारी का अवसर देती है। सांसदों की उपस्थिति अक्सर समस्या होती है। इसे सुनिश्चित करने के लिए खास मौकों पर जब सदन में किसी विषय पर मतगणना की जरूरत पड़ती है तो सांसदों की घेरेबंदी भी करनी पड़ती है। उनको पकड़ में बनाए रखने के लिए पार्टियों द्वारा ह्विप जारी किया जाता है।



पहली लोकसभा में हर साल 135 दिन बैठकें आयोजित हुई थीं। आज स्थिति कितनी नाजुक हो गई है, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि पिछली यानी सत्रहवीं लोकसभा में 2014-19 के बीच हर साल औसतन 55 दिन ही बैठकें आयोजित हुईं। यह दुखद है कि 1952 के बाद सबसे कम संसदीय काम सत्रहवीं लोकसभा में हुआ। 35 प्रतिशत बिल एक घंटे से कम की चर्चा के बाद पास हुए।

अब तो बिल स्टैंडिंग कमेटी के पास भी नहीं जाते। पिछली लोकसभा के काल में कुल 16 प्रतिशत बिल ही उसके पास विचार के लिए भेजे गए। सांसदगणों ने 729 निजी बिल प्रस्तुत किए, जिनमें से केवल दो पर ही विचार हुआ। और तो और डेढ़ सौ सांसद निलंबित भी हुए थे। औसतन सांसदों ने 45 बहसों में भाग लिया। केवल दो सांसद ही शत प्रतिशत उपस्थित रहे।

120 सांसदों की उपस्थिति ही 90 प्रतिशत से अधिक थी। राहुल गांधी की उपस्थिति पिछली लोकसभा में 51 प्रतिशत ही थी। अब तो विपक्ष भी अपनी जिम्मेदारी से विमुख होता दिख रहा है। वह सरकार को घेरने और आरोपित करने के उद्देश्य से संसद के कार्य में अक्सर व्यवधान डालता है। लगता है विपक्ष का मकसद यही हो गया है कि संसद की कार्यवाही सुचारु रूप से न चल सके और सरकार की विफलता दर्ज हो।

भारत की परंपरा कहती है कि वह सभा, सभा नहीं, जिसमें कोई वृद्ध न हो। वे वृद्ध, वृद्ध नहीं, जो धर्म की बात न बोलते हों। वह धर्म, धर्म नहीं, जिसमें सत्य न हो। वह सत्य, सत्य नहीं जो कपटपूर्ण हो। आज संसदीय सौंध में वृद्ध महानुभावों की संख्या कम है और सत्य की तो बात ही भूल जाएं। आज नई भारतीय संसद की औसत आयु 56 वर्ष है, जो सत्रहवीं की तुलना में तीन वर्ष कम है।

80 प्रतिशत सांसद स्नातक या उससे अधिक की शिक्षा प्राप्त हैं। आपराधिक पृष्ठभूमि से नाता घना होता गया है। आज 46 प्रतिशत सांसदों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। 25 सांसद सौ करोड़ से अधिक की घोषित संपत्ति के स्वामी हैं। गौर करने की बात है कि संसद को चलाने का खर्च लगभग 2.5 लाख रुपये प्रति मिनट का आता है। इसलिए इस समय का सदुपयोग होना चाहिए। सार्थक और उत्पादक संवाद के लिए हर सांसद को संविधान का ज्ञान और संसदीय परंपराओं की जानकारी भी होनी चाहिए। दुर्भाग्य से बहुत कम सांसद ही इस ओर ध्यान देते हैं। मुखर प्रवक्ता के रूप में विपक्ष के कई सांसद अक्सर बेलगाम आरोप-प्रत्यारोप दर्ज कराने में जुट जाते हैं। आधी-अधूरी सूचनाओं या गलत जानकारी के साथ विपक्ष के नेता गण सरकारी पक्ष को आरोपित करने में जुट जाते हैं।




एकता की ओर जाने वाला मार्ग हम में से प्रत्येक व्यक्ति के साथ शुरू होता है।
- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज
स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२
देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# परीक्षा प्रणाली को पुख्ता बनाने के उपाय

प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में पर्चाफोड़ की बढ़ती घटनाओं से राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी यानी एनटीए की विश्वसनीयता गंभीर रूप से प्रश्नांकित हुई है। मगर चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा यानी नीट में हुई धांधली से पूरी व्यवस्था पर अंगुलियां उठनी शुरू हो गई हैं। अच्छी बात है कि इस मामले में प्रधानमंत्री ने संसद को आश्वस्त किया कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। परीक्षा प्रणाली को पुख्ता और भरोसेमंद बनाने के उपाय किए जा रहे हैं। इस मुद्दे पर विपक्ष लगातार सरकार को घेरने का प्रयास कर रहा था। एक पूरे दिन लोकसभा में बहस कराने की मांग कर रहा था।

प्रधानमंत्री के बयान के बाद अब इस पर कुछ विराम लगा है। मगर यह केवल आश्वासन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, इसे व्यावहारिक स्तर पर दिखना भी चाहिए। शुरू से ही इस मामले को एक तरह से दबाने का प्रयास किया जाता रहा। एनटीए लगातार कहता रहा कि इस परीक्षा में कोई धांधली नहीं हुई है। जिन केंद्रों पर परीक्षार्थियों को पर्चे मिलने में बाधा पैदा हुई, उन्हें कृपांक दिए गए। इसकी वजह से अनेक छात्रों को पूरे के पूरे अंक मिल गए। इसकी जांच के लिए समिति गठित कर दी गई है।

मगर उत्तर पुस्तिकाओं की जांच में अपारदर्शिता और कुछ ही केंद्रों से सर्वाधिक और पूरे के पूरे अंक पाने वाले छात्रों के तथ्य उजागर हुए, तो संदेह और गहरा होता गया। बिहार और गुजरात में कुछ पर्चाफोड़ गिरोहों पर शिकंजा कसा, तो हैरान करने वाले तथ्य उजागर होने शुरू हो गए। हालांकि मामला सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए रखा गया है, इसमें जांच हो रही है, कई आरोपी पकड़े भी गए हैं। मगर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि सरकार ने शुरू में ही हस्तक्षेप क्यों नहीं किया। जो काम सरकार को करना चाहिए था, उसके लिए अदालत का दरवाजा क्यों खटखटाना पड़ा। परीक्षा रद्द करने को लेकर सरकार क्यों हिचकती रही, जबकि उसी दौरान दूसरी कई परीक्षाएं रद्द कर दी गईं।



पर्चाफोड़ गिरोहों के कुछ लोगों के पकड़े जाने और उनके कबूलनामे से जाहिर हो चुका है कि नीट की परीक्षा में पारदर्शिता नहीं बरती गई। आरोप है कि नकल कराने वालों ने कुछ छात्रों से भारी रकम वसूली और उनकी उत्तर पुस्तिकाओं पर जवाब अपनी तरफ से भरवाए। अभी तक यही आरोप लगते रहे हैं कि नकल कराने वाले परीक्षा से पहले ही पर्चा बाहर कर लेते और विद्यार्थियों को उनके उत्तर रटा देते रहे हैं। मगर यह मामला उससे कहीं आगे निकल गया लगता है।

बताया जा रहा है कि नकल माफिया ने जिन विद्यार्थियों से पैसे लिए थे, उन्हें कुछ तय परीक्षा केंद्रों पर बिठाया और उनकी उत्तर पुस्तिकाओं में सही उत्तर भरवाए। इससे न केवल एनटीए की प्रश्नपत्रों की सुरक्षा में लापरवाही, बल्कि सीधे-सीधे इस धोखाधड़ी में उसकी संलिप्तता जाहिर होती है। जिस संस्था को इस मकसद से गठित किया गया था कि वह प्रतियोगी और प्रवेश परीक्षाओं में धांधली पर नकेल कसेगी, उसी पर अगर इस स्तर की धांधली में सहयोग का आरोप लग रहा है, तो भला कहां तक उस पर भरोसा कायम रह सकता है। प्रधानमंत्री ने परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने का आश्वासन तो दिया है, मगर जब तक एनटीए की कार्यप्रणाली को भरोसेमंद नहीं बनाया जाता, उसके द्वारा आयोजित परीक्षाओं को लेकर भरोसा पैदा होना मुश्किल रहेगा।

# स्वर्ग से लाकर धरती पर लगाया गया था यह

**जरा हट के**

एक इन दिनों लखनऊ शहर के अलीगंज में स्थित सबसे प्राचीन हनुमान मंदिर चर्चा का विषय बना हुआ है. यहां पर मौजूद नौ साल पुराने पारिजात के पेड़ पर समय से पहले ही फूल आने लगे हैं. अमूमन पारिजात के पेड़ पर दिसंबर में फूल आने शुरू होते हैं लेकिन, इस मंदिर में जुलाई में ही फूल आने लगे हैं. अब लोगों के लिए किसी आश्चर्य जैसा हो गया है.

मंदिर समिति के सचिव राजेश पांडे ने बताया कि बिना मौसम पारिजात के पेड़ पर फूलों के आने से वैज्ञानिक भी हैरान हैं. मंदिर समिति मान रही है कि इस पेड़ के पास में सरोवर है और जो भी भक्त आता है वो पारिजात के पौधे पर भी जल चढ़ाता है. अच्छा रख-रखाव होने की वजह से पारिजात के पेड़ पर फूल वक्त से पहले आ गए हैं. कहा जाता है कि यह फूल समुद्र मंथन में निकला था. समिति का मानना है कि यह बजरंगबली की कृपा है कि वक्त से पहले लोगों को इस फूल का दर्शन मिल रहा है.



**रात नौ बजे खिलता है फूल**

यह फूल रात में 9 से खिलना शुरू होते हैं. पारिजात के फूल खिलते सफेद रंग के हैं लेकिन, सुबह सूर्य की पहली किरण मिलते ही यह गोल्डन रंग के हो जाते हैं. इसके बाद दोपहर 10 बजे से मुरझाना शुरू होते हैं और शाम होते-होते मुरझा जाते हैं. इस दुर्लभ नजारे को देखने के लिए दूर दराज से लोग पहुंच रहे हैं औ

पारिजात वृक्ष की उत्पत्ति समुद्र मंथन के दौरान हुई थी जिसे इंद्र ने अपनी वाटिका में रोप दिया था. हरिवंशपुराण में इस वृक्ष और फूलों का विस्तार से वर्णन मिलता है. पौराणिक मान्यता अनुसार पारिजात के वृक्ष को स्वर्ग से लाकर धरती पर लगाया गया था. नरकासुर के वध के बाद एक बार श्रीकृष्ण स्वर्ग गए और वहां इन्द्र ने उन्हें पारिजात का पुष्प भेंट किया. वह पुष्प श्रीकृष्ण ने देवी रुक्मिणी को दे दिया. देवी सत्यभामा को देवलोक से देवमाता अदिति ने चिरयौवन का आशीर्वाद दिया था. तभी नारदजी आए और सत्यभामा को पारिजात पुष्प के बारे में

**खाना-खजाना**

# मसाला पाव

मसाला पाव एक मशहूर महाष्ट्रियन डिश है, जिसका नाम सुनकर ही मुंह में पानी आ जाता है. इसे बनाने में ज्यादा वक्त नहीं लगता और खाने में काफी लाजवाब है. आइये जानते हैं स्ट्रीट स्टाइल मसाला पाव की रेसिपी.

**सामग्री :**

- 4 टुकड़े पाव
- 1 छोटा टमाटर
- 1 चम्मच पाव भाजी मसाला
- 1/2 चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- नमक आवश्यकतानुसार
- 1/2 चम्मच धनिया पाउडर
- 1 चम्मच अदरक का पेस्ट
- 1 छोटा प्याज
- 1 छोटी शिमला मिर्च (हरी मिर्च)
- 1/2 चम्मच हल्दी
- 4 बड़े चम्मच मक्खन
- 2 बड़े चम्मच धनिया पत्ती
- 1 चम्मच लहसुन का पेस्ट
- 2 बड़े चम्मच भुनी हुई मूंगफली



**विधि :**

एक पैन में 2 बड़े चम्मच मक्खन गरम करें. अदरक पेस्ट, लहसुन पेस्ट डालें और एक मिनट तक भूनें. अब इसमें कटा हुआ प्याज डालें और दो मिनट तक और भूनें. अब इसमें कटे हुए टमाटर और शिमला मिर्च डालें. सभी मसाले, हल्दी, पाव भाजी मसाला, लाल मिर्च पाउडर, नमक, धनिया पाउडर डालें और अच्छी तरह मिलाएं. मिश्रण को 5 मिनट तक पकाएं. मिश्रण को हल्के से मैश करने के लिए मैशर का उपयोग करें. धनिया पत्ती से सजाकर आंच बंद कर दें. तवे पर 2 बड़े चम्मच मक्खन गरम करें. पाव को आधा काट लें और चारों तरफ से कुरकुरा और सुनहरा भूरा होने तक भून लें.

हर पाव में समान रूप से कुछ कुटी हुई भुनी हुई मूंगफली के साथ स्टफिंग भरें. अपनी पसंद की चटनी के साथ आनंद लें.

# बरसात में 3 घंटे से ज्यादा देर तक रखा खाना न खाएं!

**■ वरना डॉक्टर के लगाएंगे चक्कर**

इस वक्त देश की अधिकतर जगहों पर मानसून दस्तक दे चुका है और बारिश का मौसम शुरू हो गया है. कई जगहों पर भारी बारिश देखने को मिल रही है, तो कुछ जगहों पर हल्की बारिश का दौर जारी है. बरसात का मौसम लोगों के लिए एंजॉय करने वाला माना जाता है, लेकिन इस मौसम में लोगों को सेहत से जुड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. खासतौर से खान-पान को लेकर विशेष सावधानी बरतनी पड़ती है. कई लोग एक दिन में एक बार खाना बना लेते हैं और रात तक उसी खाने को खाते हैं. हालांकि बरसात में ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए.



नोएडा के डाइट मंत्रा क्लीनिक की फाउंडर और सीनियर डाइटिशियन कामिनी सिन्हा ने News18 को बताया कि बारिश के मौसम में तापमान में गिरावट आ जाती है और हवा में नमी की मात्रा बढ़ जाती है. इस तरह के वातावरण में वायरस, बैक्टीरिया और फंगस तेजी से बढ़ने लगते हैं. यही वजह है कि इस मौसम में लोगों को हमेशा ताजा खाना खाने की सलाह दी जाती है. बरसात में लोगों को 3 घंटे से ज्यादा देर तक रखा हुआ खाना नहीं खाना चाहिए. दरअसल इस मौसम में कई फू जल्दी खराब हो जाते हैं और लोगों को पता भी नहीं चलता है. ऐसे फू खाने से पेट में इंफेक्शन फैल सकता है.

डाइटिशियन कामिनी ने बताया कि लोग खाना बनाने के बाद अक्सर उसे फ्रिज में रख देते हैं और बाद में खा लेते हैं. इस मौसम में फ्रिज में रखे खाने को कंज्यूम करने से भी बचना चाहिए और फ्रेश खाने का सेवन करना चाहिए. लोगों को अपने मेटाबॉलिज्म को इंप्रूव करने के लिए गर्म फू खाने चाहिए. ठंडा खाना आपकी सेहत के लिए फायदेमंद नहीं होता है. इसके अलावा बरसात में खाना बनाते समय साफ साफ-सफाई का ध्यान रखें और साफ पानी का इस्तेमाल करें. फल व सब्जियों को अच्छी तरह धोकर ही इस्तेमाल करें. गुनगुने पानी में नमक डालकर सब्जियों को साफ करना फायदेमंद हो सकता है.

एक्सपर्ट की मानें तो बारिश के मौसम में शरीर का मेटाबॉलिज्म स्लो हो जाता है और इम्यूनिटी प्रभावित होती है. ऐसे में बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है. इससे बचने के लिए लोगों को मेटाबॉलिज्म और इम्यूनिटी को बूस्ट करने की कोशिश करनी चाहिए. इन दोनों चीजों को बूस्ट करने के लिए लोगों को अपने खाने-पीने में अदरक, लहसुन और नींबू जरूर शामिल करना चाहिए. लोगों को बाहर का खाना अवॉइड करना चाहिए और हेल्दी लाइफस्टाइल अपनानी चाहिए. अगर कोई परेशानी हो, तो डॉक्टर से मिलना चाहिए.

## आज का राशिफल

**मेष** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। विवाद से बचें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है।

**वृषभ** : व्यापार ठीक चलेगा। आय होगी। विवेक का प्रयोग करें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। व्ययवृद्धि से तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। विवाद से बचें। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**मिथुन** : नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। प्रशंसा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। प्रमाद न करें।

**कर्क** : व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जोखिम न लें। भाइयों का सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कोई बड़ा कार्य कर पाएंगे।

**सिंह** : राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा। शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें। तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा।

**कन्या** : व्यापार ठीक चलेगा। जोखिम व जमानत के कार्य बिलकुल न करें। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग से हानि की आशंका है, सावधानी रखें। दूसरों के झगड़ों में हस्तक्षेप न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्षोभ होगा। फालतू की बातों पर ध्यान न दें।

**तुला** : कोई बड़ा कार्य करने की योजना बन सकती है। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। कारोबार से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कार्यसिद्धि होगी। सुख के साधनों पर व्यय होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। शत्रुओं का पराभव होगा।

**वृश्चिक** : प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**धनु** : बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन मिल सकता है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पारिवारिक मांगलिक कार्य हो सकता है। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। मेहनत का फल पूरा नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**मकर** : आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं। व्यस्तता रहेगी। थकान व कमजोरी रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**कुंभ** : कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने के अवसर मिलेंगे। मेहनत सफल रहेगी। बिगड़े काम बनेंगे। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। पार्टनरों का सहयोग मिलेगा। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धनार्जन होगा।

**मीन** : नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। कार्यों में गति आएगी। विवेक का प्रयोग करें। लाभ में वृद्धि होगी। मित्रों के सहयोग से किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। घर-बाहर सुख-शांति रहेगी। पुराने संगी-साथी व रिश्तेदारों से मुलाकात होगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# बारिश के पानी से पैरों में हो रही है खुजली और फंगल इंफेक्शन

**■ राहत देंगे ये घरेलू नुस्खे**

नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार फंगल इंफेक्शन कई रूपों में नजर आ सकते हैं, जैसे एथलीट्स फुट, स्किन पर फंगल इंफेक्शन, नाखूनों, मुंह और योनि पर होने वाले फंगल इंफेक्शन। कमजोर इम्यून सिस्टम वालों में इसके होने का खतरा अधिक होता है। अगर लंबे समय तक बारिश के पानी में भीगे हुए जूते या पैरों में पसीना आने की वजह से पैरों में फंगल इंफेक्शन की समस्या हो जाती है...



**■ बेकिंग सोडा-**

बेकिंग सोडा एक प्राकृतिक एंटीसेप्टिक है, जो खुजली और इंफेक्शन से राहत देने का काम करता है। बेकिंग सोडा से खुजली दूर करने के लिए एक कप गर्म पानी में एक चम्मच बेकिंग सोडा मिलाकर लगभग 20 मिनट तक पानी में पैरों को डुबोकर रखें। बेकिंग सोडा में मौजूद गुण त्वचा को शांत करके खुजली और इंफेक्शन में राहत देता है।

**■ नीम के पत्ते-**

नीम के पत्तों में एंटी बैक्टीरियल और एंटी फंगल गुण मौजूद होते हैं, जो संक्रमण को दूर करने में मदद करते हैं। इस उपाय को करने के लिए नीम के पत्तों को उबालकर उसका पानी ठंडा होने के बाद प्रभावित क्षेत्र पर लगा लें। नीम के पत्ते त्वचा को साफ करके खुजली- इंफेक्शन की समस्या को दूर करने में मदद करते हैं।

**■ टी ट्री ऑयल-**

टी ट्री ऑयल में रोगाणुरोधी और सूजन रोधी गुण मौजूद होते हैं, जो खुजली कम करने के साथ इंफेक्शन वाले बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं। इसका उपयोग हमेशा किसी कैरियर ऑयल के साथ मिलाकर करना चाहिए। टी ट्री ऑयल का ये उपाय आजमाने के लिए सबसे पहले नारियल या जैतून के तेल के साथ टी ट्री ऑयल की 5-6 बूंदें अच्छी तरह मिक्स करके प्रभावित जगह पर दिन में दो बार लगाएं।

**■ एप्पल साइडर विनेगर-**

एप्पल साइडर विनेगर पैर के संक्रमण और खुजली के लिए एक बढ़िया उपाय है। इस उपाय को करने के लिए एप्पल साइडर विनेगर और पानी की बराबर मात्रा लेकर अपने पैरों को साफ करें। इसके बाद एक टब में विनेगर और पानी का मिश्रण डालकर उसमें पैर 5-20 मिनट के लिए डालकर बैठ जाएं। इसके बाद पैरों को पानी से धोकर अच्छी तरह सुखाएं। दिन में एक बार जरूर करना चाहिए।

**■ नारियल तेल-**

नारियल तेल में एंटीफंगल और एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो त्वचा को फायदा पहुंचाकर इंफेक्शन की समस्या को दूर करते हैं। नारियल तेल के इस उपाय को करने के लिए नारियल तेल को गर्म करके प्रभावित जगह पर लगाने से त्वचा को नमी मिलने के साथ खुजली की समस्या में भी राहत मिलेगी।

# 3 पौधे लगाने से जीवन में आएंगे कई बदलाव!

**■ सही दिशा में लगाना होगा शुभ**

**■ जानें वास्तु नियम**



### 1. सफेद पलाश

यदि आप धन संबंधी परेशानी से जूझ रहे हैं तो आपको यह पौधा जरूर लगाना चाहिए क्योंकि सफेद पलाश को शुभ माना गया है. ऐसा कहा जाता है कि यह फूल धन की देवी माता लक्ष्मी को काफी प्रिय है और इसे अर्पित करने से वे प्रसन्न होती हैं, इसलिए आप इस पौधे को घर में लगाते हैं तो लक्ष्मी आपके घर में हमेशा रहेंगी. ध्यान रहे इस पौधे को लगाने के लिए बड़े गमले का उपयोग करें.



### 2. बांस के पौधे

इस पौधे को तरक्की का पौधा कहना गलत नहीं होगा क्योंकि यह जैसे-जैसे बड़ा होता है आपकी तरक्की भी बढ़ती जाती है. वास्तु शास्त्र के अनुसार, इस पौधे को घर के लॉन या बरामदे में लगाना चाहिए. इसके अलावा आप इस पौधे को पूर्व दिशा में भी लगा सकते हैं. बांस के पौधे को लगाने के बाद आपके जीवन में कई बदलाव देखने को मिलेंगे.

### 3.तुलसी



इस पौधे के बारे में भला कौन नहीं जानता. लगभग घरों में हमें तुलसी का पौधा देखने को मिल जाता है. इसको लेकर मान्यता है कि जिस घर में तुलसी का पौधा होता है और उसकी पूजा की जाती है, उस घर में हमेशा मां लक्ष्मी का वास होता है. वास्तु शास्त्र के अनुसार, तुलसी के पौधे को घर की उत्तर या फिर उत्तर-पूर्व दिशा में लगाना शुभ माना गया है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पति से लूंगी पूरा खर्चा, लेकिन रहूंगी बॉयफ्रेंड के साथ...पत्नी की डिमांड सुनकर सभी हैरान

**आगरा.** शादी के बाद प्रेम-प्रसंग की खबरें अक्सर सुनने को मिल जा रही हैं। फिर वह महिला के प्रेम-प्रसंग का मामला हो या फिर युवक के। इसी तरह का एक मामला यूपी के आगरा से सामने आया है। यहां एक महिला ने पति से जो डिमांड कर दी है उसे सुनकर सभी के होश उड़ गए। महिला का कहना है कि पति के न रहने पर उसका बॉयफ्रेंड बन गया है अब वह उसी के साथ रहेगी, लेकिन पूरा खर्चा पति से ही लेगी। पत्नी की डिमांड सुनकर पति भी अपनी जिद पर अड़ा है और उसने खर्चा देने से सीधे मना कर दिया है। उसका कहना है कि जब पत्नी उसकी अपने बॉयफ्रेंड के साथ रहेगी तो खर्चा भी वही उठाए।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले 3 दोस्तों को ट्रक ने रौंदा

**मिर्जापुर.** यूपी के मिर्जापुर से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां चुनार कोतवाली क्षेत्र के रेलवे फाटक के पास गुरुवार सुबह तीन दोस्तों को ट्रक ने पीछे से रौंद दिया। हादसे में 2 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तीसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। उधर, घटना के बाद ड्राइवर ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। ये घटना चुनार कोतवाली क्षेत्र के रेलवे फाटक के पास का है। चुनार कोतवाल अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र के उस्मानपुर गांव गांव के रहने वाले 56 वर्षीय लाल बहादुर वर्मा, 55 वर्षीय लल्लन वर्मा और 65 वर्षीय सुकालू यादव तीनों दोस्त थे। हर रोज साथ में सुबह टहलते थे। गुरुवार की सुबह भी मार्निंग वॉक पर तीनों निकले थे। 5 बजकर 10 मिनट पर तीनों वापस घर लौट रहे थे। जैसे ही वह चुनार कोतवाली रेलवे फाटक के पास पहुंचे। तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने तीनों दोस्तों को रौंद दिया।

### ताजमहल का दीदार करने आगरा पहुंची 30 देशों की 110 विश्व सुंदरियां

**आगरा.** मोहब्बत की निशानी ताजमहल को निहारने के लिए गुरुवार को 30 देशों की लगभग 110 विश्व सुंदरियां पहुंचीं। विश्व सुंदरियों की सुरक्षा को लेकर पर्यटन पुलिस ने पुख्ता इंतजाम कर रखे थे। ताज की सुंदरता और उसकी अद्भुत वास्तु कला में यह विश्व सुंदरियां खो गई और अपने आप को वाह ताज कहने से नहीं रोक पाई। इतना ही नहीं ताजमहल की पच्चीकारी और इतिहास को जानने के लिए इन विश्व सुंदरियों ने खास रुचि दिखाई। विश्व सुंदरियों ने टूरिस्ट गाइड के माध्यम से ताजमहल के इतिहास और उसके वास्तुकला की जानकारी ली। विश्व सुंदरियों का कहना था कि उन्होंने मोहब्बत की निशानी ताजमहल का दीदार किया है। विश्व के साथ अद्भुत स्मारक में से ताजमहल एक है और इसकी बात ही कुछ अलग है। उनका कहना था कि ताजमहल की खूबसूरती आंखों में एक अलग ही चमक दे जाती है। ऐसा लगता है कि ताजमहल को निहारते रहे।

### शादी के महज 2 घंटे बाद दूल्हे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, दुल्हन की बिगड़ी हालत

**इटावा.** यूपी के इटावा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। उसराहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत शिवरा गांव में शादी के बाद दुल्हन को विदा कर लाने के मात्र 2 घंटे बाद ही दूल्हे ने फांसी लगा कर जान दे दी। दूल्हे की आत्महत्या को लेकर के ना तो परिजन कोई सही और सटीक जानकारी दे रहे हैं और ना ही पुलिस भी कुछ पूछ और पुख्ता बता पा रही है। इटावा के प्रभारी एसएसपी सत्यपाल सिंह ने बताया कि बुधवार को करीब 4 बजे के आसपास उसराहार पुलिस को जानकारी मिली कि शिवरा गांव में एक दूल्हे ने फांसी लगा कर जान दे दी। इस सूचना के आधार पर ड्यूटी पर तैनात सब इंस्पेक्टर पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और फॉरेंसिक टीम के साथ जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आत्महत्या के बारे में परिजनों की ओर से कोई सही और सटीक जानकारी नहीं दी जा पा रही है इसलिए पुलिस भी आत्महत्या की स्पष्ट वजह बता पाने की स्थिति में नहीं है।

# हेमंत सोरेन झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री बने

## जिस राजभवन से गिरफ्तार हुए, 156 दिन बाद वहीं शपथ ली

**रांची.** हेमंत सोरेन झारखंड के 13वें मुख्यमंत्री बने। जेल से निकलने के छठे दिन ही उन्होंने राज्य की कमान एक बार फिर से अपने हाथ में ले ली है। 24 साल के झारखंड में वे 13वें सीएम बन गए।

इसके साथ ही तीसरी बार राज्य के सीएम पद की शपथ लेने वाले वे तीसरे सीएम बन गए हैं। उनसे पहले उनके पिता शिबू सोरेन और बीजेपी नेता अर्जुन मुंडा तीन बार सीएम पद की शपथ ले चुके हैं।

हेमंत सोरेन के इस शपथ को इसलिए भी खास माना जा रहा है कि 31 जनवरी को जिस राजभवन से उनकी गिरफ्तारी हुई थी, 156 दिन बाद दोबारा फिर से उन्होंने वहीं शपथ ली। हेमंत सोरेन इसे अपनी जीत और बीजेपी के षडयंत्र की हार बता रहे हैं।



### मंत्रियों के चेहरे पर अभी तक नहीं बन पाई है सहमति

राजभवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में अकेले हेमंत सोरेन को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सीएम पद की शपथ दिलाई। उनके साथ कैबिनेट के किसी मंत्री ने शपथ नहीं ली है। सूत्रों की माने तो मंत्रियों के नाम अभी तक तय नहीं पाए हैं ऐसे में इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि तीन महीने के लिए हेमंत कैबिनेट में नए चेहरे को भी जगह मिल सकती है। अगले एक से दो दिनों में इनके नाम फाइनल होने की संभावना है।

## गुजरात के जामनगर के कुछ हिस्सों में फैला हैजा

**जामनगर.** गुजरात के जामनगर में हैजा के कई मामलों की पुष्टि होने के बाद स्थानीय अधिकारियों ने शहर के कई इलाकों को हैजा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर दिया है, और इसके साथ ही प्रशासन ने शहर में खुला भोजन और पानी की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। जामनगर नगर निगम आयुक्त के प्रस्ताव के बाद जिला मजिस्ट्रेट बीके पंड्या ने 4 जुलाई को हैजा फैलने के बारे में आधिकारिक घोषणा जारी की। बता दें कि शहर में अबतक हैजा के सात मामलों की पुष्टि हो चुकी है। शहर के हैजा प्रभावित क्षेत्रों में धरहरनगर-2, खोजवाड़ लालखान, रविपार्क और बेदीबंदर रिंग रोड शामिल हैं। इन स्थानों के मरीजों के सैम्पल्स में हैजा की पुष्टि हो चुकी है, जिसके बाद इन्हें हैजा प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया है। इन क्षेत्रों के आसपास के 2 किमी के दायरे को हैजा-प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इस बारे में जानकारी देते हुए एक अधिकारी ने कहा, 'तीन रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। अभी तक हैजा के कारण कोई मौत नहीं हुई है।'

# लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत फिर बिगड़ी

- अपोलो अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर
- 7 दिन पहले AIIMS में सर्जरी के बाद डिस्चार्ज हुए थे



**नई दिल्ली.** पूर्व उप प्रधानमंत्री और भाजपा के सीनियर नेता लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत फिर बिगड़ गई है। 96 साल के आडवाणी को बुधवार रात 9 बजे दिल्ली के अपोलो अस्पताल लाया गया। अस्पताल से जारी बुलेटिन के अनुसार, उनकी हालत स्थिर है। वे न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. विनीत सूरी के ऑब्जर्वेशन में हैं।

इससे 7 दिन पहले, 26 जून को भी आडवाणी को दिल्ली के AIIMS अस्पताल में भर्ती किया गया था। इस दौरान उन्हें यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के डॉक्टर अमलेश सेठ की निगरानी में रखा गया था। अस्पताल ने बताया था कि आडवाणी का एक छोटा ऑपरेशन हुआ है। अगले दिन उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था।

### आडवाणी 31 मार्च को भारत रत्न से सम्मानित हुए

लालकृष्ण आडवाणी को 31 मार्च को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके घर जाकर भारत रत्न से सम्मानित किया था। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह और पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू भी मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने 3 फरवरी को उन्हें भारत रत्न देने की घोषणा की थी। इससे पहले 2015 में आडवाणी को देश के दूसरे सबसे नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

# भोले बाबा के 6 सेवादार अरेस्ट, इनमें 2 महिलाएं

- हाथरस सत्संग के फरार आयोजक पर एक लाख का इनाम
- राहुल गांधी भी जाएंगे

**हाथरस.** यूपी के हाथरस में हुई भगदड़ के तीसरे दिन आज 6 लोगों की गिरफ्तारी की गई। आईजी रेंज अलीगढ़ शलभ माथुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया- गिरफ्तार सभी 6 आरोपी आयोजन समिति के सदस्य हैं। इनमें 2 महिलाएं भी शामिल हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में मैनपुरी का राम लड़ैते यादव, शिकोहाबाद का उपेंद्र यादव, हाथरस का मेड सिंह, मंजू यादव, मुकेश कुमार और मंजू देवी शामिल हैं। इन लोगों की देख-रेख में ही सत्संग का आयोजन चल रहा था।

उधर, पुलिस ने मुख्य आयोजक देव प्रकाश मधुकर पर 1 लाख का इनाम घोषित किया है। वह अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है। वहीं, सत्संग के बाद मची भगदड़ में मौतों का आंकड़ा बढ़कर 123 हो गया है। इनमें 113 महिलाएं, 7 बच्चे और 3 पुरुष हैं।

इधर, पुलिस ने एटा, हाथरस और मैनपुरी से 30 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। यह सभी भोले बाबा से जुड़े हैं। उनसे पूछताछ कर रही है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- हादसे के लिए प्रशासन और प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी हाथरस आएंगे। वह अस्पताल में भर्ती और प्रभावित लोगों से बातचीत करेंगे।

## बॉम्बे HC से कांग्रेस नेता सुनिल केदार को बड़ा झटका

**मुंबई.** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील केदार को राज्य विधानसभा चुनाव से पहले बॉम्बे हाई कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। अदालत ने 150 करोड़ के घोटाला मामले में सजा पर रोक लगाने से साफ इनकार कर दिया है। इससे पहले नागपुर के जिला सहकारी बैंक में करोड़ों के घोटाले के आरोप में जिला अदालत सुनील केदार को पांच साल कैद और 12.50 लाख रुपए के जुर्माने की सजा सुना चुकी है।

हाई कोर्ट की नागपुर पीठ की न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के ने गुरुवार को यह फैसला सुनाया। सुनील केदार को इससे पहले नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (एनडीसीसीबी) में करोड़ों रुपये के घोटाले के लिए दोषी ठहराया गया था। उस वक्त वह बैंक के अध्यक्ष थे।

# PM नरेंद्र मोदी ने नहीं लगाया T20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी पर अपना हाथ

- हर तरफ हो रही तारीफ



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने आवास पर टीम इंडिया को आमंत्रित किया था और आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद जब भारतीय टीम स्वदेश लौटी, तो अपने व्यस्त कार्यक्रम की शुरुआत इसी काम के साथ की। टीम इंडिया 4 जुलाई तड़के भारत पहुंची, फिर रोहित शर्मा एंड ब्रिगेड टीम होटल गई और उसके बाद पीएम आवास पर गई। रोहित शर्मा टी20 वर्ल्ड कप ट्रॉफी लेकर पीएम मोदी से मिलने गए थे और साथ में पूरी टीम भी थी। हेड कोच राहुल द्रविड़, टीम इंडिया के खिलाड़ी, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष रॉजर बिन्नी और बीसीसीआई सेक्रेटरी जय शाह भी इस दौरान पीएम आवास पहुंचे। पीएम ने सभी खिलाड़ियों से बातचीत की और साथ ही पूरे टूर्नामेंट का एक्सपीरियंस भी पूछा। इस दौरान एक चीज ऐसी हुई, जिसके लिए पीएम मोदी की जमकर तारीफ हो रही है।

दरअसल जब पीएम मोदी के साथ टीम इंडिया ने ट्रॉफी लेकर फोटो क्लिक करवाई, तो उनके दोनों साइड कप्तान रोहित और हेड कोच राहुल द्रविड़ खड़े थे। रोहित और राहुल ने ट्रॉफी पकड़ रखी थी, जबकि पीएम मोदी ने इन दोनों के हाथ पकड़े हुए थे, उन्होंने ट्रॉफी पर डायरेक्ट हाथ नहीं लगाया। इस फोटो को पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से शेयर भी किया है।

# हमें 98 लाख रुपये मिले, लेकिन...

## सेना के बयान के बाद क्या बोला शहीद अग्निवीर का परिवार,

**नई दिल्ली.** अग्निवीर के शहीदों को दिए जाने वाले मुआवजे को लेकर केंद्र सरकार और विपक्ष आमने-सामने है। अब पंजाब के शहीद अग्निवीर अजय कुमार के परिवार ने साफ किया है कि उन्हें 98 लाख रुपये तो मिले हैं, लेकिन मुआवजे की रकम अजय कुमार की जगह नहीं ले सकती है।

शहीद अजय के पिता ने अग्निवीर योजना को खत्म करने की भी मांग की और कहा कि हमें पेंशन व कैंटीन कार्ड भी मिलना चाहिए। एनडीटीवी से बात करते हुए शहीद अजय की बहन ने यही मांग की। उन्होंने कहा कि मेरे भाई ने चार साल की नौकरी के लिए अपनी जान गंवा दी। सरकार एक करोड़ रुपये देने का वादा करती है, क्या कोई परिवार केवल उस राशि से जिंदा रह सकता है? उन्होंने भी अग्निवीर योजना का फिर से मूल्यांकन करने की मांग की। उन्होंने कहा, "सरकार ने हमें पैसे दिए, लेकिन हम चाहते हैं कि योजना को बंद किया जाए।"

बता दें कि अग्निवीर योजना को केंद्र सरकार ने 2022 में लागू किया था। इसके तहत युवाओं को चार साल के लिए सेना में काम करने का अवसर मिलता है। योजना की शुरुआत से ही कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष इसे वापस लेने की मांग करता रहा है। संसद में राहुल गांधी भी कई बार यह मुद्दा उठा चुके हैं। शहीद अजय के परिवार ने यह माना कि उनके परिवार को 98 लाख रुपये मिले थे, लेकिन सेना की ओर से सिर्फ 48 लाख रुपये ही प्राप्त हुए। बता दें कि सेना ने बयान जारी करके कहा था कि अजय के परिवार को उनकी ओर से 98.39 लाख रुपये मिल चुके हैं।

# राहुल गांधी से मिलने पहुंचे मुकेश अंबानी, सोनिया से भी हुई मुलाकात



**नई दिल्ली.** एशिया की सबसे अमीर शख्सियतों में शुमार मुंकेश अंबानी ने गुरुवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मुलाकात की। इस मुलाकात के पीछे कोई राजनीतिक नहीं बल्कि पारिवारिक कारण बताया जा रहा है। जी हां, दरअसल मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का जश्न शुरू हो चुका है। इस अवसर पर मुकेश अंबानी खुद देश की बड़ी शख्सियतों को जा-जाकर निमंत्रण दे रहे हैं।

इसी क्रम में वह गुरुवार को दिल्ली पहुंचे और राहुल गांधी को अपेने बेटे की शादी में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उन्होंने राहुल गांधी के आवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की और कुछ देर बाद 10 जनपथ स्थित आवास से रवाना हो गए। खबरों की मानें तो मुकेश अंबानी ने राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी को भी अनंत अंबानी की शादी के लिए इनवाइट किया है।

# काजीरंगा नेशनल पार्क में 17 जानवर डूबे



- बिहार में 6 और पुल गिरे, 15 दिनों में 11वीं घटना
- 12 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली.** देश के पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश जारी है। मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश और असम बाढ़ की चपेट में हैं। इन राज्यों में सेना रेस्क्यू अभियान चला रही है। असम का काजीरंगा नेशनल पार्क बाढ़ में डूब गया है। पार्क के डिस्ट्रिक्ट फॉरेस्ट ऑफिसर अरुण विग्नेश ने बताया कि पानी में डूबने से एक गैंडे के बच्चे और हॉग डियर समेत 17 जानवरों की मौत हुई है। 72 को बचाया गया है।

असम के 29 जिलों में 16.25 लाख से अधिक लोग बाढ़ की चपेट में हैं। बुधवार (3 जुलाई) को बाढ़ के पानी में डूबने से 8 लोगों की मौत हुई। सोनितपुर, शिवसागर और गोलाघाट में तीन और लोगों के पानी में बह जाने की आशंका है। राज्य में बाढ़, लैंडस्लाइड और तूफान में जान गंवाने वालों की कुल संख्या 56 हो गई है। बिहार के सीवान और सारण जिले में बुधवार को एक दिन में छह पुल ढह गए। इनमें चार गंडक नदी पर तो दो धमही नदी पर बने थे। पिछले 15 दिनों के दौरान राज्य में पुल गिरने की ऐसी 11 घटनाएं हुई हैं। इससे पहले मधुबनी, अररिया, पूर्वी चंपारण और किशनगंज जैसे जिलों में पुल ढह गए थे।

## सांसदों की शपथ के नियम में बदलाव

**नई दिल्ली.** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार (3 जुलाई) को लोकसभा में सांसदों के शपथ के नियमों में बदलाव किया है। नए नियम के मुताबिक, अब सांसदों की शपथ के बाद अब कोई भी नारा लगाने की अनुमति नहीं होगी। ओम बिरला ने 'अध्यक्ष के निर्देशों' में 'निर्देश-1' में एक नया क्लॉज जोड़ा है। इसके मुताबिक, अब सदस्य सिर्फ शपथ लेंगे और शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करेंगे। इस दौरान वे किसी भी अन्य शब्द या किसी मुद्दे पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकेंगे।

दरअसल, 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दूसरे दिन सांसदों के शपथ ग्रहण के दौरान AIMIM के सांसद ओवैसी ने जय फिलिस्तीन का नारा लगाया था। इस पर बाकी सांसदों ने आपत्ति जताई थी। ओवैसी के अलावा कई अन्य सांसदों ने भी अलग-अलग नारे लगाए थे। राहुल गांधी ने शपथ के बाद जय हिन्द और जय संविधान का नारा लगाया था। वहीं बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने हिंदू राष्ट्र की जय का नारा लगाया था। इसके अलावा अयोध्या से सपा सांसद अवधेश राय ने शपथ ली तो जय अयोध्या, जय अवधेश के नारे लगा लगाए।

# केरल में दिमाग खाने वाले अमीबा से नाबालिग की मौत

- तालाब में नहाते वक्त नाक के जरिए घुसा था
- तीन महीने में मौत का तीसरा केस



**कोझिकोड.** केरल के कोझिकोड में ब्रेन ईटिंग अमीबा से हुए इंफेक्शन (अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस) के चलते एक 14 साल के लड़के की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक मृदुल नाम का यह लड़का एक छोटे तालाब में नहाने गया था, जिसके चलते उसे यह इंफेक्शन हुआ।

केरल हेल्थ डिपार्टमेंट ने गुरुवार को बताया कि मृदुल की बुधवार रात 11.20 बजे मौत हो गई। उसका प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था।

प्राइमरी अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस' यानी PAM इंफेक्शन गंदे पानी में पाए जाने वाले प्री-लिविंग अमीबा के कारण होता है। यह नाक की पतली त्वचा से शरीर में घुस जाता है।

### मई से जुलाई तक मौत का तीसरा केस

मई 2024 के बाद से केरल में संक्रमण का यह तीसरा मामला है। पहला मामला 21 मई को मलप्पुरम की पांच साल की लड़की की मौत का था। दूसरा 25 जून को कन्नूर की 13 साल की लड़की की मौत का था। इससे पहले यह बीमारी पहले 2023 और 2017 में राज्य के तटीय अलपुझा जिले में रिपोर्ट की गई थी।

जुलाई 2023 में अलप्पुझा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में एक पनावली के एक नाबालिग की मौत इसी इंफेक्शन के कारण हुई थी। यह लड़का झरने के पानी में नहाने गया था।

केरल में सबसे पहला केस 2016 में आया था। इसके बाद 2019, 2020 और 2022 में एक-एक केस मिला था। इन सभी मरीजों की मौत हो गई थी। इस बीमारी के लक्षण बुखार, सिरदर्द, उल्टी और दौरे हैं।

# ICC टी-20 रैंकिंग में पंड्या नंबर-1 ऑलराउंडर

- बल्लेबाजी में सूर्यकुमार दूसरे स्थान पर कायम
- बॉलिंग की टॉप-10 रैंकिंग में 2 भारतीय



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) की लेटेस्ट टी-20 प्लेयर्स रैंकिंग की ऑलराउंडर कैटेगरी में हार्दिक पंड्या टॉप पर पहुंच गए हैं। उन्हें दो स्थान का फायदा हुआ है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाड़ी वानिंदु हसरंगा और ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टोयनिस को पीछे छोड़ दिया।

टी-20 वर्ल्ड कप के बाद ICC की यह रैंकिंग बुधवार को जारी हुई। बल्लेबाजी में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड 844 रेटिंग के साथ पहले स्थान पर हैं। सूर्यकुमार यादव दूसरे नंबर पर कायम हैं।

### हार्दिक क्यों पहुंचे टॉप पर

3 दिन पहले पंड्या ने विश्व कप फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ अहम मौकों पर विकेट लेकर जीत दिलाई थी। उन्होंने सेट बल्लेबाज हेनरिक क्लासन और डेविड मिलर को आउट किया। वर्ल्ड कप के 8 मैच में उन्होंने 11 विकेट लिए। बांग्लादेश के खिलाफ सुपर-8 के मैच में उन्होंने नाबाद 50 रन बनाए थे। इस वर्ल्ड कप में उन्होंने 48 की औसत से 144 रन बनाए।

### ट्रैविस हेड रैंकिंग में शीर्ष पर बरकरार

टी-20 के बल्लेबाजों की रैंकिंग में ट्रैविस हेड का अभी भी नंबर एक पर कब्जा बरकरार है। पिछली बार जब हेड नंबर वन बने थे, तब उनकी रेटिंग 844 थी, जो अभी भी उतनी ही है। भारतीय बैटर सूर्यकुमार यादव 838 रेटिंग के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

### बुमराह ने 12 स्थानों की छलांग लगाई

टी-20 वर्ल्ड कप में शानदार गेंदबाजी करने वाले जसप्रीत बुमराह ने बॉलिंग रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई है। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे बुमराह 12 स्थानों की छलांग लगाकर 12वें नबर पर पहुंच गए हैं। वहीं बॉलिंग रैंकिंग में टॉप-10 में दो भारतीय हैं।

## राम मंदिर के पुजारियों का वेतन तय



**अयोध्या.** श्रीरामजन्म भूमि में रामलला की अष्टयाम सेवा व पूजा-अर्चना के नव नियुक्त 20 पुजारियों के वेतनमान का निर्धारण कर दिया गया है। हालांकि वेतनमान को सार्वजनिक नहीं किया गया है लेकिन पुजारियों को इसकी जानकारी दे दी गई है। इसके अतिरिक्त बोर्ड आफ ट्रस्टीज की ओर से तीर्थ क्षेत्र के स्थायी पुजारियों के लिए अनुमन्य सुविधाओं को भी इन्हें प्रदान किए जाने की जानकारी दी गई है। इन पुजारियों को प्रशिक्षण की अवधि में प्रतिमाह दो हजार रुपए प्रतिमाह का मानदेय दिया जा रहा था। वहीं जुलाई माह के अंत में निर्धारित वेतन उसके खाते में सीधे हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

# महिला से कार में गैंगरेप

- नशा देकर 4 घंटे टॉर्चर किया
- फिर हॉस्टल के बाहर छोड़ गए
- दो गिरफ्तार



**हैदराबाद.** तेलंगाना के हैदराबाद में एक नामी रियल एस्टेट कपंनी में काम करने वाली 26 साल की महिला से उसके कलीग्स ने गैंगरेप किया। दो आरोपियों ने पहले महिला को सॉफ्ट ड्रिंक और मिठाई में नशा देकर बेहोश किया। फिर कार में उसके साथ रेप और मारपीट की।

करीब साढ़े चार घंटे टॉर्चर के बाद आरोपियों ने महिला को उसके हॉस्टल छोड़ दिया। घटना रविवार (30 जून) की रात मियापुर इलाके में हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों रियल एस्टेट कपंनी में सेल्स एग्जीक्यूटिव हैं। इनकी पहचान 39 साल के सांगा रेड्डी और 25 साल के जनार्दन रेड्डी के रूप में हुई है।

हैदराबाद पुलिस के हवाले से बताया गया है कि महिला और दोनों आरोपी रविवार सुबह साइट विजिट के लिए यदाद्री की ओर गए थे। आरोपियों ने महिला को मियापुर में हॉस्टल के पास से कार में अपने साथ बिठाया था।

हैदराबाद लौटते समय रात करीब 10.30 बजे आरोपियों ने एक अंडर कंस्ट्रक्शन बिल्डिंग के पास कार रोक दी और कहा कि गाड़ी खराब हो गई है। उन्होंने महिला को खाना ऑफर किया, लेकिन उसने मना कर दिया।

### सॉफ्ट ड्रिंक-मिठाई में नशा देकर बेहोश किया

इसके बाद जनार्दन ने उसे सॉफ्ट ड्रिंक और मिठाई ऑफर किया। महिला ने दोनों चीजें ले लीं। इसके तुरंत बाद महिला को चक्कर आने लगा। उसने पहले सोचा कि शायद पूरे दिन कुछ भी नहीं खाने के कारण उसे चक्कर आ रहा है। हालांकि, जब जनार्दन ने उसे और मिठाइयां खिलाईं तो वह बेहोश हो गई। पुलिस के मुताबिक, दोनों ने इसके बाद महिला के साथ रेप किया। दोनों आरोपियों ने सोमवार सुबह तीन बजे तक महिला को कार के अंदर लगातार टॉर्चर किया। महिला ने दावा किया कि उसे पीटा गया, जिससे उसके शरीर में बहुत दर्द था। इसके बाद दोनों आरोपी उसे मियापुर में एक प्राइवेट हॉस्टल के पास छोड़कर भाग गए।

## संक्षेप...

### अंधेरी में फ्लाईओवर का गिरा स्लैब



**मुंबई.** पश्चिमी मुंबई के अंधेरी इलाके में एक फ्लाइओवर का स्लैब गुरूवार दोपहर एक चलती कार पर गिर गया, हालांकि कोई घायल नहीं हुआ. नगर निकाय के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि यह घटना वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर गुंडावली मेट्रो रेल स्टेशन के पास अपराह्न 3 बज कर 20 मिनट के आसपास हुई.

उन्होंने कहा, “स्लैब कार के बोनट पर गिर गया, जिससे उसका अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया. घटना के बाद राहत कार्य के लिए दमकल, पुलिस और स्थानीय वार्ड कार्यालय के कर्मियों को तैनात किया गया.” अधिकारी ने बताया कि और विवरण की प्रतीक्षा है.

### 9 अवैध रेस्टोरेंट, बार और पब पर कार्रवाई

**नवी मुंबई.** मनपा क्षेत्र में होटल, बार और रेस्टोरेंट, लेडीज बार, पब, लॉज, हुक्का पार्लरों के अवैध और अतिरिक्त निर्माण के खिलाफ कार्रवाई सख्ती से कार्रवाई की जा रही है. इसी अभियान के तहत 3 जुलाई की रात से 4 जुलाई की सुबह तक मनपा क्षेत्र में 9 अवैध रेस्टोरेंट, बार और पब पर कार्रवाई की गई. इसमें बेलापुर विभाग के अरुण बार एंड रेस्टोरेंट, साईं दर्शन बार एंड रेस्टोरेंट, रेन फॉरेस्ट पब एंड लॉन्च, टर्निंग प्वाइंट बार एंड रेस्टोरेंट, सेंटर प्वाइंट बार एंड रेस्टोरेंट, तुर्भे विभाग के कल्ट पब एंड लॉन्च, ब्लू स्टार बार (लेडीज बार), धनराज बार (लेडीज बार) और करिश्मा बार (लेडीज बार) का समावेश है. यह अभियान सहायक आयुक्त शशिकांत तांडेल, अमोल पालवे और भरत धांडे के नेतृत्व में चलाया गया.

# विश्वविजेता टीम इंडिया का स्वागत करने मुंबई में उमड़ा जनसैलाब





**मुंबई.** गुरुवार शाम मुंबई पहुंची टीम इंडिया का भव्य स्वागत करने के लिए हजारों उत्साहित प्रशंसक और क्रिकेट प्रेमी चर्चगेट के पास नरीमन पॉइंट से वानखेड़े स्टेटियम तक 1 किलोमीटर के सुरम्य मरीन ड्राइव मार्ग पर लाइन में खड़े थे.

नरीमन पॉइंट से लेकर चर्चगेट तक का पूरा इलाका प्रशंसकों से खचाखच भरा हुआ था और वानखेड़े स्टेडियम दोपहर से ही वहां जुटी भीड़ के गगनभेदी नारों और जयकारों से गूंज उठा.



नरीमन प्वाइंट और चर्चगेट इलाकों की ओर आने-जाने वाली सड़कों पर शाम के पीक आवर्स में भारी ट्रैफिक जाम का सामना करना पड़ा, क्योंकि इस बड़े अवसर के लिए अरब सागर के तटों पर पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और यहां तक कि कई वरिष्ठ नागरिकों का एक उत्साही समुद्र एकत्र हुआ था.

टी-20 वर्ल्ड कप की जीत के जश्न में दिल्ली से मुंबई जा रही टीम इंडिया की विस्तारा फ्लाइट को छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरते हुए ‘वॉटर सैल्यूट’ दिया गया. वहां से, टीम के सदस्य विजय परेड के लिए एक ओपन-डेक बस में सवार होकर दक्षिण मुंबई के लिए रवाना होंगे, जिसे विशेष रूप से गुजरात से यहां लाया गया है ताकि मैन इन ब्लू को शाही सवारी के लिए ले जाया जा सके.

इस महत्वपूर्ण अवसर के लिए टीम इंडिया के रंगों, विश्व कप की तस्वीरों और क्रिकेट आइकनों की पोशाक में बस का व्यापक मेकअप किया गया था. जैसे ही रोमांचित भीड़ क्रिकेट चैंपियन के ‘दर्शन’ और विश्व कप ट्रॉफी की एक झलक का इंतजार कर रही थी.

# नाना पटोले ने क्रिकेट की राजनीति में रखा कदम



**मुंबईः** महाराष्ट्र में विधान परिषद चुनावों के बीच कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने क्रिकेट की राजनीति में कदम रख दिया है। नाना पटोले ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष पद के लिए 23 जुलाई को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया है। इससे पहले शहर के मझगांव क्रिकेट क्लब ने महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले को एमसीए में अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया था, जिससे अटकलें लगाई जा रही थीं कि वे चुनाव लड़ सकते हैं

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) के अध्यक्ष पद के लिए 23 जुलाई को चुनाव होना है। अमोल कोल्हे के निधन के बाद चुनाव हो रहा है, हालांकि, नाना पटोले का नामांकन मंगलवार शाम 5 बजे समय सीमा समाप्त होने के बाद दाखिल किया गया था।

इसके बाद एमसीए की तरफ यह साफ नहीं किया गया है कि पटोले का नामांकन स्वीकार हुआ या फिर नहीं। पिछले महीने मौजूदा अध्यक्ष अमोल काले (47) के निधन के बाद एमसीए अध्यक्ष का पद खाली हो गया था। काले 2022 में एमसीए के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले पूर्व क्रिकेटर संदीप पाटिल इस पद पर थे। पटोले के नामांकन के बाद क्रिकेट की राजनीति गरमाने के आसार हैं।

नाना पटोले ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में मझगांव क्रिकेट क्लब को एमसीए में प्रतिनिधित्व करने का अवसर देने के लिए धन्यवाद दिया। नाना पटोले ने कहा था मैं आश्वासन देता हूं कि मैं सामान्य पृष्ठभूमि से आने वाले युवा खिलाड़ियों के कल्याण के लिए काम करने के लिए वास्तविक प्रयास करूंगा। कांग्रेस नेताओं में इससे पहले पृथ्वीराज चव्हाण और दिवंगत विलासराव देशमुख एमसीए चीफ रह चुके हैं। एसोसिएशन की स्थापना 1930 में हुई थी।

# महाराष्ट्र विधान परिषद ने नेता प्रतिपक्ष दानवे की निलंबन अवधि को घटाकर तीन दिन किया

- **दानवे ने गोरहे को लिखे पत्र में माफी मांगी**

**मुंबई.** महाराष्ट्र विधान परिषद ने बृहस्पतिवार को नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे की निलंबन अवधि को पांच दिन से घटाकर तीन दिन कर दिया है। अब दानवे शुक्रवार से सदन की कार्यवाही में भाग ले पाएंगे। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता दानवे को सोमवार शाम सदन में चर्चा के दौरान भारतीय जनता पार्टी



(भाजपा) विधायक प्रसाद लाड के खिलाफ अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर मंगलवार को पांच दिनों के लिए विधान परिषद से निलंबित कर दिया गया था। शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दानवे को निलंबित करने के फैसले को एकतरफा बताया और इसे पूर्व नियोजित साजिश करार दिया।

ठाकरे ने कहा कि अगर दानवे की टिप्पणी से महिलाओं को ठेस पहुंची है तो वह शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख होने के नाते माफी मांगते हैं, लेकिन साथ ही उन्होंने पूछा कि सदन के बाहर ऐसी टिप्पणी करने वाले भाजपा और शिवसेना नेताओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई?

शिवसेना (यूबीटी) विधायकों ने बुधवार को महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे से दानवे का निलंबन रद्द करने का अनुरोध किया और कहा कि वह अपने शब्दों के लिए माफी मांगने को तैयार हैं। दानवे ने बुधवार को गोरहे को लिखे पत्र में माफी मांगी।

महाराष्ट्र के संसदीय कार्य मंत्री चंद्रकांत पाटिल ने बृहस्पतिवार को दानवे की माफी का हवाला देते हुए उनकी निलंबन अवधि को घटाकर तीन दिन करने का प्रस्ताव रखा जिसके बाद सदन ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।

### गोलवड बने भिवंडी यातायात शाखा में पुलिस उपनिरीक्षक



**भिवंडी.** पालघर जिले के जव्हार तालुका मेढा गांव के रघुनाथ सखाराम गोलवड की भिवंडी यातायात शाखा में पुलिस उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुई है. उनकी पदोन्नति पर उन्हें हर स्तर से बधाइयां मिल रही हैं। गोलवड, गोंडके, पाटिल व सालकर परिवार तथा शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी है.

# ठाणे में नये रेलवे स्टेशन काम रेल मंत्रालय करेगा

**रेलवे मंत्री अशिवनी वैष्णव ने लिया निर्णय**



**ठाणे.** भारत सरकारच्या स्मार्ट सिटी मिशन के तहत महाराष्ट्र शासन व ठाणे महानगरपालिका स्मार्ट सिटी के माध्यम से नये रेलवे स्टेशन के विषय पर बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय रेलमंत्री अश्विन वैष्णव के साथ सांसद श्रीकांत शिंदे,सांसद नरेश म्हस्के, मनपा आयुक्त सौरभ राव, अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी के साथ हुआ बैठक रेलमंत्री वैष्णव ने दिया आश्वासन। शहर में मेंटल अस्पताल की जगह पर स्मार्ट सिटी के अंतर्गत नये रेलवे स्टेशन बनाने की कोशिश कई सालों से चल रहा है।रेल मंत्रालय स्टेशन, रेलवे ट्रैक के साथ रेल परिसर का निर्माण कार्य करने के लिए आश्वासन दिया और रेल परिसर के बाहर का कार्य डेक, रॅम्प आदि का स्मार्ट सिटी के माध्यम से किया जायेगा। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे व सांसद नरेश म्हस्के के प्रयास से मनपा का को 185 करोड़ रुपये की बचत होगी. इस बैठक में मनपा आयुक्त सौरभ राव ने इस योजना की जानकारी दी। सांसद श्रीकांत शिंदे व सांसद नरेश म्हस्के ने रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य के लिए रेल निधी से करने के लिए विनती की।

# धर्मवीर आनंद दिघे तरण तालाब 15 अगस्त तक होगा तैयार

**ठाणे.** मनपा की ओर से बालकुम परिसर में धर्मवीर आनंद दिघे तरण तालाब का सभी काम 10 अगस्त तक पूर्ण कर 15 अगस्त तक नागरिकों के उपयोग में देने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव ने संबंधित अधिकारियों को दिया निर्देश।आयुक्त सौरभ राव ने

धर्मवीर आनंद दिघे तरण तालाब, ढोकाली स्थित शरदचंद्र मिनी स्टेडियम व कोलशेत के सुविधा भूखंड की जानकारी ली।इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त (2) प्रशांत रोडे, उपायुक्त क्रीडा मीनल पालांडे,पूर्व नगरसेवक देवराम भोईर, संजय भोईर, उषा भोईर आदि उपस्थित



रहे हैं इसकी जानकारी आयुक्त राव को दिया।ढोकाली में स्थित शरदचंद्र मिनी स्टेडियम के बॅडमिंटन कोर्ट के छत का वॉटरप्रुफींग,दीवाल से निष्कासित टाईल्स का काम रही।इस तरण तालाब का उपयोग करने के लिए यहां के रहिवासियों ने मांग कर रहे हैं।इस विषय को गंभीरता से लेते हुए मनपा आयुक्त राव ने दौरा कर अपूर्ण कार्य को जल्द से जल्द करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। वहीं पूर्व नगरसेवक संजय भोईर ने छोटे बच्चों के लिए स्विमिंग पूल की मांग नागरिक कर जल्द करने के लिए मनपा आयुक्त राव ने दिया निर्देश।साथ ही कैंटीन और कार्यालय को भी देखा।घोडबंदर परिसर के कलरकेम कंपनी में स्थित सुविधा भूखंड पर क्रिकेट मैदान तैयार करने से बच्चों को लाभ मिलेगा।साथ ही कला भवन का निर्माण कार्य जल्द कर कला प्रेमी के लिए शुरू करने के लिए निर्देश आयुक्त राव ने दिया।

# गैंगस्टर अबू सलेम को नासिक जेल में किया गया स्थानांतरित

**मुंबई बम ब्लास्ट मामले में मिली थी आजीवन कारावास की सजा**

**ठाणे।** 1993 के सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे गैंगस्टर अबू सलेम को गुरुवार को नवी मुंबई की तलोजा जेल से निकालकर कड़ी पुलिस सुरक्षा के बीच नासिक की सेंट्रल जेल में स्थानांतरित किया गया है। एक अधिकारी ने बताया कि सलेम को सुबह 11.30 बजे एक वाहन में तलोजा जेल से बाहर ले जाया गया। 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किये गये सलेम को 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में उसकी भूमिका के लिए दोषी ठहराया गया और 2017 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें तलोजा जेल में रखा गया था, लेकिन जेल अधिकारियों ने विशेष अदालत के समक्ष कहा था कि उन्हें नासिक केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित किया जाना चाहिए, क्योंकि तलोजा जेल के अंदर उच्च सुरक्षा वाली कोठरी की हालत खस्ता है और उसे तुरंत मरम्मत की आवश्यकता है।

सलेम ने विशेष अदालत के आदेश को चुनौती देते हुए बॉम्बे उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, जिसने पिछले महीने तलोजा जेल से नासिक केंद्रीय कारागार में उसके स्थानांतरण के खिलाफ उसके आवेदन को खारिज कर दिया था, जिसमें उसकी जान को खतरा होने का दावा किया गया था। सलेम ने दावा किया कि उसे तलोजा जेल से बाहर स्थानांतरित करने का निर्णय, जहां वह 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है, उसे मारने की एक ‘साजिश’ थी, क्योंकि उसके कुछ महीनों में रिहा होने की संभावना है।


### आम सूचना

मैं श्री अरविंद नथूराम दोहरे सभी को सूचित कर रहा हूं कि रुम नं. 413, सामने बैरक नं. 424, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 15एआय015675400(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री अनिल नथूराम दोहरे के नाम पर है। उन्होंने रिलीज एग्रीमेंट दि. 26.6.2024 सी.नं. 1554 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री अरविंद नथूराम दोहरे**


# चमकीला के बाद मिलने लगे अलग किरदार

**परिणीति चोपड़ा फिल्म चमकीला में नजर आई थीं। फिल्म का डायरेक्शन इम्तियाज अली ने किया है। परिणीति चोपड़ा ने फिल्म की सक्सेस पर खुलकर बात की। एक्ट्रेस ने कहा कि इस फिल्म की सक्सेस फेक नहीं है। उन्होंने इस सक्सेस को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' बताया। परिणीति ने कहा- ये फिल्म उनके लिए टर्निंग पॉइंट रहा है। 'अमरजोत' का किरदार निभाने के बाद उन्हें अच्छे रोल्स मिलने लगे हैं।**

उन्होंने शेयर किया कि आमतौर पर लाइफ टाइम अचीवमेंट 50 साल की सेवा के बाद मिलता है। लेकिन ये सक्सेस मुझे वही एहसास देता है। इसकी सक्सेस फेक नहीं है। एक्ट्रेस को लगता है कि फिल्म को लोगों ने वास्तव में पसंद किया है और आज के समय में इससे बेहतर कोई पैरामीटर नहीं हो सकता।



परिणीति ने बताया कि ये उनके लिए बहुत शॉकिंग है। चमकीला करने के बाद उन्हें पहले की तुलना में बहुत अलग किरदार मिल रहे हैं। परिणीति ने कहा - अमरजोत के किरदार में डायरेक्टर्स ने मेरी परफॉर्मेंस में कुछ ऐसा देखा है, जो पहले किसी फिल्म में नहीं देखा। एक डायरेक्टर ने परिणीति को बुलाकर कहा कि पूरी फिल्म में तुम्हारी आंखों में कुछ था।

जब मैं अपनी फिल्म लिख रहा था, तो मैंने तुम्हारे बारे में कभी नहीं सोचा था। लेकिन चमकीला देखने के बाद तुम्हारे अलावा किसी और एक्ट्रेस के बारे में सोच भी नहीं पा रहा। इसलिए परिणीति को लगता है कि अब डायरेक्टर्स उन्हें एक अलग नजरिए से देख पा रहे हैं, अगर मैंने अमरजोत का किरदार न निभाया होता तो ऐसा नहीं हो पाता। ये मेरे लिए बड़ा टर्निंग पॉइंट रहा है।

# टीम इंडिया का विधानभवन में होगा स्वागत

- **रोहित शर्मा समेत ‘इन’ खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे मुख्यमंत्री शिंदे**

**मुंबई.** 17 साल बाद टी20 का वर्ल्ड कप जीती टीम इंडिया की घर वापसी हो गई है। भारतीय टीम ने गुरुवार सुबह ही नई दिल्ली हवाई अड्डे पर लैंड किया। एयरपोर्ट पर फैंस ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस बीच शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक ने कहा कि उन्हें मुंबई के रोहित शर्मा, सुर्यकुमार यादव, यशस्वी जयसवाल और शिवम दुबे पर गर्व है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे इन चारों खिलाडियों को शुक्रवार को सम्मानित करेंगे। विधायक प्रताप सरनाईक ने कहा कि विधानमंडल का सत्र चल रहा है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्र के विधायक टीम इंडिया खासकर रोहित शर्मा और सुर्यकुमार यादव का स्वागत करने के लिए बेताब है।

सभी पार्टी के विधायक मुंबई में मौजुद है। इसलिए विधानमंडल की ओर से खिलाडियों को सम्मानित किया जाना चाहिए। सरनाईक ने यह भी कहा मैंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से कप्तान रोहित शर्मा समेत मुंबई के चार खिलाड़ियों को सम्मानित करने का अनुरोध किया है।

विधायक प्रताप सरनाईक ने कहा कि कप्तान रोहित शर्मा समेत मुंबई के चार खिलाड़ी विधानभवन



परिसर में आनेवाले है। उन्हें इस संबंध में मेल भी मिला है। उन्होंने कहा कि कल खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाना चाहिए। खिलाड़ियों सम्मानित करने से उन्हें और अधिक ऊर्जा मिलेगी। जो देश का नाम विश्व स्तर पर लेकर जाएंगे।

जानकारी के लिए बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर भारतीय टीम मुंबई के लिए रवाना होगी। राजधानी पहुंचते ही विश्व चैंपियन भारतीय टीम एक खुली बस में रोड शो में हिस्सा लेगी जिसके बाद दक्षिण मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में एक सम्मान समारोह होगा।अधिकारी ने बताया कि विजय जुलूस नरीमन प्वाइंट से वानखेड़े स्टेडियम तक शाम पांच से सात बजे के बीच निकाला जाएगा।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए बड़ी संख्या में लोगों के एकत्रित होने की उम्मीद है इसलिए पुलिस किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए अत्यधिक सावधानी बरत रही है। अधिकारी ने कहा कि नरीमन प्वाइंट और वानखेड़े स्टेडियम के बीच मरीन ड्राइव पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है।

# जुहू के पास कारतूस की खेप की बरामद

- **3 गिरफ्तार**

**मुंबई.** अपराध शाखा यूनिट 9 ने तीन आरोपियों को पिस्तौल और कारतूसों की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने आठ अत्याधुनिक पिस्तौल और 138 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद उन्हें अदालत में पेश किया गया, जहां से 8 जुलाई तक आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

अपराध शाखा से मिली जानकारी के मुताबिक अपराध शाखा यूनिट 9 के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक दया नायक को पता चला था कि जुहू में म्हाडा कॉलोनी के पास पीवीआर सिनेमा थियेटर के सामने एक व्यक्ति हथियार पहुंचाने आ रहा है। सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच ने वहां जाल बिछाया और संदिग्ध का इंतजार करने लगी। इसी दौरान मिठाईलाल चौधरी (53) नामक एक संदिग्ध व्यक्ति आया। उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को एक अत्याधुनिक



पिस्तौल और सात जिंदा कारतूस मिले।

चौधरी को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस ने आगे की जांच की, जिससे दावल देवरमानी (34) और पुष्पक मडावी (38) नामक दो और व्यक्तियों की पहचान और गिरफ्तारी हुई। कुल मिलाकर, क्राइम ब्रांच ने इन तीनों व्यक्तियों से आठ अत्याधुनिक पिस्तौल और 138 जिंदा कारतूस जब्त किए।

गिरफ्तार आरोपी चौधरी उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले का रहने वाला है, जबकि अन्य दो आरोपी देवरमणी और मादवी नवी मुंबई के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच के एक अधिकारी ने बताया कि वे इस बात की जांच कर रहे हैं कि ये पिस्तौलें कहां से आईं और आरोपी इन्हें किसे देने की योजना बना रहे थे।


उल्हास वि NEWS
www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
लोकप्रिय हिंदी दैनिक उल्हास विकास
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)
25 Lakhs THANK YOU Viewer's
25,00,000
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
Thank you
Pageviews yesterday 2,763
Pageviews last month 76,471
Pageviews all time history 1,007,712
Followers 168


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099